Need to set up crop processing industries in Rajgarh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh ?laid

श्री रोडमल नागर (राजगढ़) **:** मेरा संसदीय क्षेत्र राजगढ़ (मध्य प्रदेश) अति पिछड़ा क्षेत्र था जिसे माननीय प्रधानमंत्री जी ने आकांक्षी से आशान्वित जिले में सम्मिलित कर मोहनपुरा ,कुंडालिया तथा रेशई-पार्वती डैम के साथ ही पार्वती -कालीसिंध-चंबल सिंचाई लिंक परियोजना से क्षेत्र में 6 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित करने की दिशा में कदम बढ़ाये है । चार-चार राष्ट्रीय राजमार्गो एवं रामगंज मंडी-भोपाल रेल लाइन की सौगात देकर राजगढ़ संसदीय क्षेत्र को विकासशील क्षेत्र की दौड़ में सम्मिलित किया है । मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि जिन फसलों का उत्पादन हमारे राजगढ़, खिलचीपुर, ब्यावरा, सुसनेर, सारंगपुर, नरसिंहगढ़, चांचौड़ा एवं राघौगढ़ आदि स्थानो पर हो रहा है उनकी प्रसंस्करण इकाइयों को स्थापित कर औद्योगिक कॉरिडोर बनाने में सहयोग प्रदान करें ।